# हलचल बाल विकास संस्थान,अजयसर (अजमेर)

## वार्षिक प्रतिवेदन

दिनांक : 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017















**प्रस्तावना** : हलचल बाल विकास संस्थान एक गैर सरकारी एवं अलाभकारी संस्था है। संस्था की स्थापना 14 नवम्बर 2010 को ग्राम अजयसर में शराबबन्दी से की गई तथा अजमेर जिले में 2010 से बच्चों,युवाओं एवं महिलाओं के विकास एवं सहभागिता के लिए प्रयासरत है। इसी काम को आगे बढाने व संसाधन जुटाने एवं काम को बहेतर करने के मकसद से 1 जनवरी 2016 को संस्था का पंजीकरण राजस्थान सोसायटी एक्ट के अर्न्तगत करवाया गया।

**विजन** : हमारा विजन सभी बच्चों,यूवाओ ओर महिलाओं के लिये व्यवहारगत,सामाजिक एवम् आर्थिक रुपान्तरण को हासिल करना है,जिससें एक ऐसे समाज का निर्माण हो,जहा पर सभी बच्चों,यूवाओ ओर महिलाओं को अपनी बात रखने के लिये समान अवसर प्राप्त हो सके |
**मिशन** : मोजुदा समुदायिक एवम् सरकारी संसाधनों का बहेतर उपयोग करके बच्चों,यूवाओं और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना |

## उदेश्य :

- बच्चों और यूवाओ कि प्रितिभाओ तथा क्षमताओ को उभारने व सामाजिक,आर्थिक,संसकुर्तिक एवम् शारारिक विकास के लिये उनकों मंच प्रदान कराना |
- बालक बालिका में जेंडर गेप तथा बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने का प्रयास करना |
- प्राकृतिक संसाधनों व परम्परागत जल स्रोतों का संरक्षण तथा संतुलन,नवीन कृषि तकनीको को बढ़ावा देना तथा समुदाय को जागरूक करना|
- महिलाओं,यूवाओ,बालश्रमिक ओर अनाथ,असहाय बच्चों को शिक्षा,स्वरोजगार के उचित अवसर प्रदान करना व रोजगार सम्बधित प्रशिक्षण करवाना |
- ग्रामीण उधोग व हस्तकला प्रशिक्षण व स्वनियोजन के कार्यक्रमों का आयोजन करना तथा उनकों बढ़ावा देना |
- ग्राम पंचायतों में बच्चों,यूवाओ की भागीदारी सुनिश्चित करना ओर सरकारी संसाधनों का बहेतर उपयोग व सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना |
- यूवाओ के करियर के लिये मार्गदर्शन देना तथा परम्परागत खेलों को बढ़ावा देना |
- स्वच्छता ,स्वास्थ्य,शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के प्रति समुदाय को जागरूक करना व उसका प्रचार प्रसार करना |
- महिला सशक्तिकरण तथा बैकिंग के प्रति समुदाय को जागरूक करना व उनका प्रचार प्रसार करना |

## कार्यक्षेत्र :






देश : भारत

राज्य : राजस्थान

जिला : अजमेर

ब्लॉक : श्रीनगर

ग्राम पंचायत : 1.अजयसर

2.हाथीखेडा

राजस्व गांव : अजयसर, खरेखडी, काजीपुरा,हाथीखेडा,बोराज इत्यादि।

संस्था का शुरुआती कार्यक्षेत्र।






## कार्यकारणी एवं सहलाकार :

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | पता | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मिनाक्षी पंवार | मीरशाह कॉलोनी,अजमेर | अध्यक्षा |
| 2. | श्री मोहन चीता | ग्राम अजयसर,अजमेर | सचिव |
| 3. | सुश्री चांद | ग्राम बोराज,अजमेर | कोषाध्यक्ष |
| 4. | श्री छोटु सिंह रावत | ग्राम हाथीखेडा,अजमेर | उपाध्यक्ष |
| 5. | श्रीमती शिरोमणी शर्मा | आर्दश नगर,अजमेर | सदस्य |
| 6. | श्री अब्दुल रज्जाक | ग्राम अजयसर,अजमेर | सदस्य |
| 7. | श्री विक्रम सिंह रावत | हाथीखेडा,अजमेर | सलाहकार |
| 8. | श्री जवाहर चीता | ग्राम अजयसर,अजमेर | सलाहकार |

## कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के प्रकार :




1.जन जागृति कार्यक्रम

2.महिला विकास एवं सशक्तिकरण

3.शिक्षा मेरा अधिकार

4.किशोराअवस्था एवं युवा विकास कार्यक्रम

5.सहभागिता कार्यक्रम इत्यादि।

1. **जन चेतना कार्यक्रम** : समुदाय भागीदारी को सुनिश्चत करने के लिए कार्यक्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जो निम्न प्रकार है।

❖ **फिल्म शो** : जन चेतना कार्यक्रम के तहत कार्यक्षेत्र के 5 गांवों में फिल्म शो का आयोजन किया किया। जिसमें बालिका शिक्षा,बाल विवाह,बालश्रमिक एवं लैगिंक समानता इत्यादि मुद्दो पर आधारित मूवी फिल्म शो के माध्यम से दिखाकर समुदाय को प्रेरित किया गया। फिल्म शो कार्यक्रम लगभग 600–700 लोगो की भागीदारी रही।



❖ **किशोर जागृति सप्ताह** : सितम्बर माह में किशोर जागृति सप्ताह कार्यक्षेत्र के 5 गांव में मनाया गया। इस अवसर पर किशोरें एवं युवा को नशा मुक्ति को लेकर चेतना जगाई । कार्यक्रम में 200 किशोरें एवं युवाओं की भागीदारी रही।

❖ **ग्राम सभा** : कार्यक्षेत्र की 2 ग्राम पंचायतों की 4 बैठको में भाग लिया गया। बैठको में सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया तथा शिक्षा,स्वास्थ्य ,स्वच्छता एवं पेयजल के मुद्दों पर बातचीत एवं चर्चा की गई।

❖ **नारा लेखन** : जन चेतना कार्यक्रम के तहत कार्यक्षेत्र के सभी गांवो में 20–20 नारा लेखन स्वयं सवेको द्वारा किया गया। नारा लेखन स्वच्छता,पर्यावरण,बालिका शिक्षा,सरकारी योजनाऐं इत्यादि मुद्दो पर किया गया।

❖ **समस्या समाधान शिविर** : सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीन दयाल उपाध्याय शिविरों में विधवा पेशन 10,वृद्धा पेंशन 15 , 2 विशेषयोग्यजन पेंशन एवं 8 पालनहार योजना के आवेदन भरवायें गये। 2 शिविर में 15 – 15 स्वयं सवेको ने भाग लिया ओर लोगो की सहायता की गई।

*घर में फ्रिज,घर में टी.बी. , बाहर शौच को जाती बीबी ।*

**2.महिला विकास एवं सशक्तिकरण** : महिला विकास एवं सशक्तिकरण को लेकर संस्था द्वारा निम्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया।

❖ **महिला स्वयं सहायता समूह** : महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने के लिए ग्राम खरेखडी में पायलट बेस पर स्वयं सहायता समूह का कार्यक्रम की शुरुआत की गई। 3 महिला स्वयं सहायता का गठन,चुनाव,आमुखीकरण,लीडरशीप प्रशिक्षण,नियमित बैठके इत्यादि गतिविधियां की गई। अमर महिला स्वयं सहायता समूह को इस साल 4 लाख 18 हजार रुपये का लोन दिलवाया गया । महिला स्वयं सहायता समूह से 45 महिलाओं का जुडाव बना है।



❖ **सखी साथ निभाना कार्यक्रम** : अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सखी साथ निभाना कार्यक्रम का आयोजन ग्राम खरेखडी में किया गया। जिसमें 60 महिलाओं की भागीदारी रही। सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार,खेलकूद,महिला सभा ,स्वास्थ्य,स्वच्छता,लैंगिक समानता इत्यादि मुद्दों पर महिलाओं की समझ बनाई गई।

❖ **स्वयं सहायता समूह की बैठके** : ग्राम खरेखडी में पायलट प्रोग्राम के तहत स्वयं सहायता समूहो का गठन को लेकर विभिन्न गतिविधियां की गई। इस साल में 3 समूह को सक्रिय बनाया गया।

| क्र.सं. | समुह का नाम | बैठको की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अमर सेल्फ हेल्प ग्रुप | 12 |
| 2. | चेतना स्वयं सहायता समुह | 10 |
| 3. | उडान स्वयं सहायता समुह | 8 |

**बचत का साधन अपनाओं,घर को खुशहाल बनाओं।**

3.शिक्षा मेरा अधिकार : बच्चों के नामांकन एवं ठहराव को लेकर संस्था अपने कार्यक्षेत्र में निम्न गतिविधियां एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

- ❖ **डोर टु डोर सर्वे** : कार्यक्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में कालबेलियां ढाणी में अनामांकित एवं ड्राप आउट बच्चों का 30 परिवारो का सर्वे किया गया। जिसमें 48 अनामांकित एवं ड्राप आउट 48 बच्चें सर्वे में निकले।उन बच्चों को शिक्षा से जोडने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- ❖ **प्रवेशोत्सव** : 5 गांवों में प्रवेशोत्सव धुमधाम से मनाया गया । जिसमें ग्राम शिक्षा सभा,मौहल्ला बैठके,नारा लेखन,पोस्टर,रैली इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- ❖ **शिक्षा सहयोग कार्यक्रम** : ग्राम अजयसर में अनाथ,असहाय एवं विधवा माताओं के 40 बच्चों को 10 –10 कोपीयां एवं स्टेशनरी सामग्री वितरण करके उनको शिक्षा क्षेत्र में सहयोग किया गया। उन बच्चों को नियमित स्कुल भेजने के लिए प्रेरित किया गया।
- ❖ **गैर आवासीय शिविर** : कालबेलिया ढाणी के 48 बच्चों के लिए सर्व शिक्षा अभियान के सहयोग से 2 गैर आवासीय शिविर खुलवाकर उन बच्चों को शिविर से जोडा गया। 1 जनवरी 2017 से 31 मार्च 2017 तक शिविर के संचालन में संस्था के स्वयं सवेको की अहम भूमिका रही । बच्चों की नियमित उपस्थिति,नामांकन एवं ठहराव,बाल सहभागिता इत्यादि गतिविधियां की गई।
- ❖ **आंगनबाडी पाठशाला कार्यक्रम** : समुदाय से सहयोग जुटाकर संस्था ने कार्यक्षेत्र की एक आंगनबाडी को गोद लेकर आंगनबाडी पाठशाला को शुरु करने में सहयोग दिया गया। संस्था द्वारा आंगनबाडी के 20 बच्चों को पोशाक,स्टेशनरी सामग्री वितरण की गई। स्वयं सवेको ने आगंनबाडी पाठशाला में बाल केन्द्रित गतिविधियों का संचालन में अहम भूमिका निभाई।
- ❖ **शाला प्रबधन समिति** : कार्यक्षेत्र की 7 विद्यालयों की शाला प्रबधन समिति को सक्रिय बनाने के लिए 7 एस.एम.सी.

आमुखीकरणों का आयोजन किया गया। जिसमें एस.एम.सी. पुनःगठन,भौतिक सुविधाओं,विद्यालय वार्षिक योजना,शिक्षा अधिकार अधिनियम,नामांकन एवं ठहराव इत्यादि गतिविधियां की गई। एस.एस.सी की बैठके निम्न है।

| क्र.सं. | एस.एम.सी.का नाम | कुल बैठको की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | रा.प्रा.वि.परलावास ,अजयसर | 10 |
| 2. | रा.प्रा.वि.रेल की डांग,खरेखडी | 6 |
| 3. | रा.उ.प्रा.वि.खरेखडी | 3 |
| 4. | रा.प्रा.वि.खेडा,खरेखडी | 2 |
| 5. | रा.प्रा.वि.काजीपुरा | 11 |
| 6. | रा.प्रा.वि.कनाडियां,हाथीखेडा | 2 |
| 7. | रा.उ.प्रा.वि.बोराज | 4 |
| | कुल | 38 |

4.किशोराअवस्था एवं युवा विकास कार्यक्रम :

- **किशोरी बालिका प्रशिक्षण** : किशोरी बालिकाओं के साथ किशोराअवस्था को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 5 गांव की 30 किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया।
- **युवा विकास कार्यक्रम** : युवा विकास कार्यक्रम के तहत युवाओं को एक मंच पर लाने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 18 गांव से 220 किशोर एवं युवाओं ने भाग लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से पानी बचाओ,बालिका शिक्षा,वृक्षारोपण,भाईचारे,एकता की भावना  के प्रति संदेश दिया गया।
- **स्वयं सवेक लीडरशीप प्रशिक्षण** : कार्यक्षेत्र में स्वयं सवेक तैयार करने हेतु ग्राम स्तर पर 5 बैठको का आयोजन किया गया। उसके बाद 5 गांव के के युवाओं का लीडरशीप पर एक दिवसीय  प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 40 युवाओं ने भाग लिया।

**5.सहभागिता** : बच्चों ,किशोर किशोरियों एवं युवाओं की सहभागिता सुनिश्चत करने के लिए संस्था ने निम्न प्रयास एवं कार्यक्रमों का आयोजन  किया गया ।

**बाल मंच** : 4 गांवों में 7 बाल मंचो का गठन एवं आमुखीकरण किया गया। बच्चों के साथ नियमित ग्रामस्तरीय बैठकों का आयोजन किया गया। बच्चों के साथ खेलकूद एवं मनोरजंनात्मक गतिविधियां की गई।





**किशोर किशोरी मंच** : ग्राम अजयसर,खरेखडी,काजीपुरा एवं बोराज में 6 किशोर किशोरी मंच का गठन किया गया तथा उनको ग्राम स्तर पर दो दो प्रशिक्षण दिये गये।

**नाट्क कार्यशाला** : बच्चों की सहभागिता बढानें के लिए एवं उनकी बात समुदाय तक पहुचानें के मकसद से ग्राम खरेखडी में तीन दिवसीय आवासीय नाट्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को नाट्क के विभिन्न पहलुओं पर समझ बनाई गई। कार्यशाला में 35 बच्चों,20 किशोर किशोरियों एवं 10 स्वयंसवेको ने भाग लिया । कार्यशाला संस्था टीम के लिए भी बहुत उपयोगी रही।

**बाल एवं युवा महोत्सव** : बाल दिवस के अवसर पर बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को उभारने के लिए ग्राम अजयसर में 11–12 नवम्बर 2016 को दो दिवसीय बाल एवं युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें खेलकूद प्रतियोगिताऐं,सांस्कृतिक,मनोरजनांत्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलग अलग गांवो से लगभग 400 बच्चों,किशोर किशोरीयों एवं युवाओं ने भाग लिया। सभी ने बाल एवं युवा महोत्सव को बडें धुमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

**स्नेह मिलन कार्यक्रम** : 31 दिसम्बर 2016 को ग्राम अजयसर में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अजयसर,खरेखडी एवं काजीपुरा के 30 युवाओं ने भाग लिया।



**स्थापना दिवस** : संस्था का स्थापना दिवस कालबेलियां ढाणी काजीपुरा में धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्षेत्र के 130 बच्चों,किशोर किशोरियों एवं युवाओं ने भाग लिया। जातिगतभेदभाव,लैगिकं समानता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।





उपलब्धियां : हमारी सत्र 2016–17 की उपलब्धियां निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | गतिविधि का नाम | गुणात्मक उपलब्धि | संख्यात्मक उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1. | जन चेतना कार्यक्रम | • समुदाय शिक्षा के प्रति जागरुक हुआ है।<br>• समुह में किशोरो का जुडाव हुआ है। | • कार्यक्रम से प्रभावित होकर 30 किशोरो का जुडे है।<br>• सार्वजनिक जगहों पर 50 पेड. लगायें गये। |
| 2. | महिला विकास एवं सशक्तिकरण | • महिलाऐं अपनी बात को समुह की बैठको में रखने लगी है।<br>• महिलाऐं अपना व अपने परिवार का स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हुई है। | • कार्यक्षेत्र में 3 स्वयं सहायता का गठन किया गया।<br>• समुह से 45 महिलाऐं लाभ ले रही है। |
| 3. | शिक्षा मेरा अधिकार | • आंगनबाडी पाठशाला के बच्चें नियमित आने लेगे है।<br>• शाला प्रबन्धन समिति की नियमित बैठके होने लगी है।<br>• बच्चों को मिड डे मील समय पर व अच्छा मिलने लगा है। | • 40 अनाथ एवं बेसराह बच्चों का नियमित ठहराव हुआ है।<br>• कार्यक्षेत्र में 2 गैर आवासीय शिविर खुलवायें गये ।<br>• शिविर में 45 बच्चों का नामांकन करवाया गया।<br>• 1 ड्राप आउट बालिका को मुख्य धारा से जोडा गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • 2 बालिकाओं का नामांकन कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में करवाया गया। |
| 4. | किशोरावस्था एवं युवा विकास कार्यक्रम | • युवा एक मंच पर आने लेगे है।<br>• किशोर एवं युवा नशा व धुम्रपान के प्रति जागरुक हुए है।<br>• किशोर किशोरी अपनी बात को मंच की बैठको में रखने लेगे है। | • कार्यक्षेत्र में 4 किशोर व 4 किशोरी समुह का गठन किया गया।<br>• 30 किशोर ,30 किशोरी का सक्रिय जुडाव बना है। |
| 5. | सहभागीता | • बच्चों की संख्या बाल मंचो में बढने लगी है।<br>• बाल,किशोर किशोरी मंचो की नियमित बैठके होने लगी है। | • बाल मंचों में 60 बच्चों का नियमित जुडाव हैं।<br>• 10 बच्चों का नाटक ग्रुप तैयार हुआ है। |

केस स्टेडी

(स्वयं सवेक )

स्वयं सवेक का नाम : फिरोज चीता

पिता का नाम : श्री हनुमान चीता

आयु : 20 साल

जाति : चीता

पारिवारिक व्यवसाय : मजदूरी

ग्राम : अजयसर ग्रा.पं.अजयसर

ब्लॉक : श्रीनगर जिला : अजमेर



फिरोज चीता अजमेर जिले के अजयसर गांव से है। फिरोज चीता के 3 बहने व 2 भाई है। तीनो बहने सुसराल जाती है और एक भाई वार्डपंच है तथा दूसरा भाई प्राईवेट काम करता है।फिरोज चीता का बाल विवाह हो चुका है। उस समय उसने बाल विवाह का विरोध किया,पर बडे बजुर्गो के सामने उसकी एक ने चली। फिरोज चीता अपने माता पिता का खेती में भी हाथ बटाता था।

जब ग्राम अजयसर में हलचल बाल विकास संस्थान का शराब बंदी कार्यक्रम हुआ । उससे प्रभावित होकर फिरोज चीता संस्था से स्वयं सवेक के रुप में जुडा। संस्था द्वारा संचालित समस्त गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग करता है।

फिरोज शादी ब्याव में फोटोग्राफी का काम भी करने लगा। उसने बालिका शिक्षा के महत्व को समझते हुए अभी तक गौना नही किया और अपनी कॉलेज की पढाई कर रहा है। फिरोज गांव में अन्य सामाजिक कार्यो में अपनी अहम भूमिका निभाता है। फिरोज की सक्रिय भागीदारी के कारण सचिव मोहन चीता के सहयोग से कालबेलिया ढाणी काजीपुरा में गैर आवासीय शिविर में ईवी पद पर चयन करवाया गया। फिरोज अब गैर आवासीय शिविर में अपनी सेवाऐं दे रहा है।

**हलचल बाल विकास संस्थान में जुडनें से मेरे में यह बदलाव आया,कि मै पहले बोल नही पाता था और अपनी बात को सही तरीके से नही रख पाता था। अब मै किसी के सामने भी अपनी बात को रख सकता हूं। मै बाल विवाह के प्रति जागरुक हुआ और मेरा बाल विवाह होने बावजूद मैनें अभी गौना नही किया। यह सब हलचल संस्था के प्रयास से संभव हुआ है।**

फिरोज चीता स्वयं सवेक,ग्राम अजयसर

## केस स्टेडी

## (स्वयं सवेक)




स्वयं सवेक : सीमा रावत

पिता का नाम : स्वःमगलसिंह

माता का नाम : श्रीमती मीरा देवी

जन्म दिनांक : 12 अप्रैल 1996

पारिवारिक व्यवसाय : मजदूरी

जाति : रावत  शिक्षा : बी.ए

ग्राम : बोराज  ग्रा.पं. हाथीखेडा

मेरा नाम सीमा रावत है। मै अजमेर जिले के बोराज गांव में रहती हुं। मेरे दो भाई और एक बहन है। जो कि अपनी पढाई कर रहे है। मेरे परिवार का व्यवसाय मजदूरी है। मै बीए की पढाई कर रही हुं। मै किसी के सामने अपनी बात को नही रख पाती थी ओर किसी से बात करने में जिझक थी।

मेरी मुलाकात हलचल बाल विकास संस्थान के सचिव मोहन चीता से फिल्ड विजिट के दौरान हुई । उन्होने मुझे हलचल संस्था के बारे में बताया । मुझे संस्था का काम बालिका शिक्षा पर होने के कारण अच्छा लगा ओर मै स्वयं सवेक बनने के लिए तैयार थी,पर मेरे माता पिता की सहम्मति भी जरुरी थी। मैने मोहन भैया को अपने परिवार वालो से बात करने को कहा। उन्होने मेरे परिवार वालो से बातचीत की ओर मुझे स्वयं सवेक के रुप में चुना गया। मै टीम बालिका के सभी कार्यक्रमो व गतिविधियों में भाग लेने लगी और मेरा आत्मविश्वास बढने लगा। श्रीनगर ब्लॉक में डोर टु डोर सेंव मेरा चयन किया तथा उनके साथ मै श्रीनगर के 40 गांवो का विजिट करके सेंव के काम में उनका सहयोग किया। इससे मुझे काफी कुछ सिखने को मिला।

कुछ समय बाद मेरे हालात बदलने लेगे ओर मेरे पापा की मृत्यु हो गई। मै नर्सिंग करना चाहती थी,पर मेरे आर्थिक परेशानी के कारण नही कर पाई। मेरे परिवार से मुझे पर हेमशा शादी का दबाव रहा लेकिन मैने उन सब चुनौतियों का सामना किया। मेरी जिझक भी दुर हो गई और अब मै किसी के सामने भी अपनी बात को रखने में सक्षम हुं। मै प्राईवेट स्कुल मै टीचर पद पर काम करके अपने परिवार में आर्थिक सहयोग कर रही हुं। इन सब के लिए मै संस्था को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित करती हुं।

# हलचल बाल विकास संस्थान,अजमेर

## एक नजर मिडियां की ओर

### बाल मेला आज

हलचल बाल विकास संस्थान, अजयसर ने 11 व 12 नवम्बर को ग्राम पंचायत के पास, छोटी बस्ती, अजयसर में हलचल बाल व युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

### स्थापना दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

अजमेर| हलचल बाल विकास संस्थान अजयसर पिछले पांच सालों से काम कर रही है। इसी के तहत कालबेलिया ढाणी काजीपुरा में संस्था का स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। इसमें बच्चों के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा पर बाल सभा, गुब्बारा रेस, चम्मच रेस सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्व शिक्षा अभियान द्वारा संचालित दो गैर आवासीय शिविर में बच्चों को नियमित भेजने के लिए प्रेरित किया। कार्यकारिणी की बैठक मीनाक्षी पंवार की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव मोहन चीता ने किया। बैठक में विक्रम सिंह रावत को संस्था का सलाहकार बनाया गया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 24 से

**अजमेर.** हलचल बाल विकास संस्थान के तत्वावधान में 24 मार्च से 9 अप्रेल तक ग्राम खरेखड़ी में क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। प्रथम विजेता को 11 हजार, द्वितीय को 5500 रुपए दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन सरपंच मोहसिना बानो करेंगी। यह जानकारी सचिव मोहन चीता ने दी है।

### हलचल बाल एवं युवा महोत्सव आज से

**अजमेर**|हलचल बाल विकास संस्थान अजयसर की ओर से ग्राम पंचायत के पास छोटी बस्ती अजयसर में शुक्रवार से दो दिवसीय हलचल बाल एवं युवा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सचिव मोहन चीता के अनुसार महोत्सव के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं कुर्सी रेस, गुब्बारा फोड़, दौड़, सतौलिया, कबड्डी, चम्मच रेस, चित्रकला, माई लाइफ, निबंध लेखन, कबाड़ से जुगाड़, जलेबी रेस, मेंढक रेस आदि आयोजित होंगी। उदघाटन सुबह 11 बजे पार्षद ज्ञान सारस्वत व कृषि मंडी डायरेक्टर रोशन महाराज करेंगे। शाम 7 बजे आयोजित फिल्म शो और प्रश्नोत्तरी के मुख्य अतिथि गोरधन राम होंगे।

### हलचल बाल एवं युवा महोत्सव शुरू

**अजमेर**|हलचल बाल विकास संस्थान अजयसर की ओर से छोटी बस्ती अजयसर में हलचल बाल एवं युवा महोत्सव शुरू हुआ। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंडी डायरेक्टर रोशन महाराज ने किया। सचिव मोहन चीता के अनुसार चित्रकला प्रतियोगिता में कोमल प्रथम व फिरोज दूसरे स्थान पर, सतौलिया में प्रथम खरखेड़ी व द्वितीय अजयसर, चम्मच रेस मनीष प्रथम व कोमल द्वितीय स्थान पर रही।

इसी प्रकार 200 मीटर रेस में सुनील प्रथम व किरण द्वितीय, मेंढक रेस में प्रथम समीर व प्रदीप द्वितीय रहे। इसके अलावा अन्य खेल खिलाए गए। रात प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।